हिंदी दिवस

श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री अनंदपुर साहिब के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग द्वारा 16 सितम्बर 2019 को कॉलेज में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के वाईस प्रिंसिपल डॉ. मनिंदरजीत कौर ने शिरकत की। **"भक्तिकालीन साहित्य में गुरु नानक की देन"** विषय पर केन्द्रित इस कार्यक्रम में विभाग के विद्यार्थियों द्वारा गुरु नानक देव की वाणी और उसके भक्तिकालीन साहित्य एवं भारतीय संस्कृति में अतुल्य योगदान से संबंधित भाषणों एवं कविताओं के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये गये। विभागाध्यक्ष डॉ. मलकीत सिंह द्वारा विद्यार्थियों को गुरु नानक देव जी शिक्षाओं पर विस्तार से व्याख्यान दिया और गुरु नानक देव जी के मानवता को समर्पित जीवन से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। कार्यक्रम का संचालन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर केवल कुमार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने अध्यक्षीय भाषण में गुरु नानक देव जी की वैश्विक यात्राओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यक्रम का अंत सृजनात्मक लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं के पुरुस्कार वितरण से हुआ।